बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

"प्रेस नोट"

दिनांक 13.12.2024 (शुक्रवार) को आयोजित की जाने वाली एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन के संबंध में विभिन्न श्रोतों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि सर्वर में खामी के कारण बहुतायत संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन समर्पित नहीं किये जाने के कारण उक्त अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने हेतु तिथि निर्धारित कर परीक्षा आयोजन की तिथि को विस्तारित किया जाय।

इस संबंध में स्पष्ट करना है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के लिये दिनांक 23.09.2024 को विज्ञापन प्रकाशित करते हुए दिनांक 28.09.2024 से ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करते हुए दिनांक 18.10.2024 तक आवेदन की मांग की गई थी। तत्पश्चात् अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुये ऑनलाइन आवेदन की तिथि 04.11.2024 तक विस्तारित की गयी थी। उक्त पूरी अवधि में कुल– 4.80 लाख ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें से लगभग 1.30 लाख से अधिक आवेदन अन्तिम 04 दिनों में शुल्क सहित प्राप्त हुये, जिससे स्वतः स्पष्ट है कि सर्वर में खामी सम्बन्धी शिकायतें आधारहीन है। परीक्षा की तिथि विस्तारित करने के संबंध में स्पष्ट करना है कि संघ लोक सेवा आयोग/राज्य लोक सेवा आयोगों एवं अन्य परीक्षा संस्थानों द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों को ध्यान में रखते हुये उक्त परीक्षा की तिथि निर्धारित की गयी है।

उक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि 4.80 लाख अभ्यर्थियों के व्यापक हित में एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन निर्धारित तिथि 13.12.2024 को एकल पाली में 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक पूर्व में आयोजित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की भांति आयोजित की जायेगी।

इस परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.12.2024 को ई–एडमिट कार्ड में आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ससमय उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हों।

आयोग से संबंधित सूचना आयोग के आधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना